## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.01.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस के संबंध में सातवें बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने करों के सुचारू और सुविधाजनक भुगतान की सुविधा के लिए कर रसीद सुविधा की घोषणा की है।
- तीर्थ स्थल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में स्थानीय कलाकार भाग लेंगे।
- पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से चार जनवरी को प्रदर्शनी मैदान में पेट्ट शो का आयोजन किया जाएगा।
- तेरहवीं राष्ट्रीय विद्यालय शतरंज चैम्पियनशिप सत्रह से इक्कीस जनवरी तक आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस के संबंध में वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों के साथ सातवें बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय वित्त सचिव, सचिव दीपम, आर्थिक मामलों के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हुए। इससे पहले वित्तमंत्री सीतारमण ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों, विभिन्न किसान संघों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की थी। वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केंद्रीय बजट इस साल पहली फरवरी को संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह वित्त मंत्री सीतारमण का लगातार आठवां बजट पेश होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने करों के सुचारू और सुविधाजनक भुगतान की सुविधा के लिए कर रसीद सुविधा की घोषणा की है। परिषद के मुख्य कार्यालय और भातुबस्ती स्थित पुरानी पंचायत भवन में कर रसीद काउंटर स्थापित की गई है। यह पहल परिषद द्वारा सभी निवासियों को सुलभ और कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई है। परिषद के राजस्व अनुभाग के कर्मचारियों को करदाताओं को उनके लेनदेन

में सहायता करने और कर भुगतान से संबंधित किसी भी प्रश्न का समाधान करने के लिए काउंटर पर पहले से ही तैनात किया गया है। संपत्ति कर, जल, संरक्षण शुल्क, वाणिज्यिक कर और नगरपालिका बकाया का भुगतान सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से किया जा सकता है। परिषद ने सभी नागरिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने और अपने कर दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। करों का समय पर भुगतान हमारे समुदाय में महत्वपूर्ण नागरिक सुविधाओं के विकास और रखरखाव में योगदान देता है।

<><><><><><><>

तीर्थराज प्रयागराज में महा कुंभ मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक चलेगी। मेले में द्वीप प्रशासन भी भाग ले रहा है। इस सिलसिले में कला और संस्कृति विभाग ने इच्छुक पंजीकृत स्थानीय सांस्कृतिक समूहों से इस कुंभ मेले में भाग लेने के लिए नौ जनवरी शाम पांच बजे तक स्वीकृति पत्र सेल्यूलर जेल परिसर स्थित कला और संस्कृति विभाग के निदेशक के पास जमा करने को कहा है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने डाई अमोनियम फास्फेट—डीएपी उर्वरकों पर एक मुश्त विशेष राहत पैकेज का विस्तार करने का फैसला किया है। इन उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी बढ़ाकर तीन हजार पांच सौ रुपये प्रति मीट्रिक टन करने की मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से लगभग तीन हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा, जिसे केंद्र सरकार वहन करेगी। मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को भी जारी रखने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दो हजार पच्चीस की पहली कैबिनेट बैठक किसानों की खुशहाली बढ़ाने के लिए समर्पित है।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से चार जनवरी को दोपहर दो बजे से प्रदर्शनी मैदान में पेट्ट शो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक पशु मालिक अपना नाम, संपर्क, ईमेल, पालतू पशु का नाम, नस्ल, जन्म तिथि, लिंग, रंग, वजन और टीकाकरण रिकॉर्ड जैसे विवरणों के साथ

अपनी प्रविष्टियाँ विभाग के मेल पर भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

आदर्श करियर केन्द्र के रोजगार अधिकारी सपना प्रिया के मार्गदर्शन में हाल ही में लिटिल अंडमान के कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों और युवाओं के लिए करियर और व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। इन पहलों का उद्देश्य प्रतिभागियों को विभिन्न करियर के अवसरों और कौशल विकास के साथ सशक्त बनाना था। व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम ग्राम पंचायत हट बे में और करियर मार्गदर्शन पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल आर.के.पुर तथा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हट बे में सहायक रोजगार अधिकारी दिनेश मूर्ति द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को उभरते करियर के अवसरों, कौशल विकास पाठ्यक्रमों, एनसीएस पंजीकरण और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए व्यावसायिक मार्गों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं मत्स्य पालन विभाग के स्रोत अधिकारियों ने भी युवाओं को सरकार द्वारा समर्थित कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी।

<><><><><><><>

तेरहवीं राष्ट्रीय विद्यालय शतरंज चैम्पियनशिप सत्रह से इक्कीस जनवरी तक आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी। इस सिलसिले में राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में विभिन्न श्रेणियों के स्कूली विद्यार्थियों के लिए अंडमान निकोबार राज्य विद्यालय शतरंज चैंपियनशिप दो हजार चौबीस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा और खेल निदेशक विक्रम सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को शतरंज को पेशे के रूप में अपनाने और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों मंचों पर पहचान हासिल करने की आकांक्षा रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को खेल में सफलता हासिल करने के लिए प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता देने का भी आश्वासन दिया। इस चैम्पियनशिप के दौरान तीन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र और ट्राफी से सम्मानित किया गया। चैम्पियनशिप में दो सौ साठ से अधिक स्थानीय खिलाड़ियों सहित दूर–दराज के स्कूली विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज ग्राम पंचायत की ग्राम सभा की बैठक अब छः जनवरी को दिन में साढ़े दस बजे क्षेत्र के पंचायत हॉल में आयोजित होगी। सभी संबंधित विभागों और सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में मिशन वात्सल्य योजना के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म इक्कीस जनवरी तक समाज कल्याण निदेशालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग में अनुबंध के आधार पर सागर मित्र के पद पर होने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार दस जनवरी को लिया जाएगा। सभी उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सुबह नौ बजे तक उप–विभागीय मजिस्ट्रेट के कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है। चयनित उम्मीदवारों की सूची प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के केन्द्रीय सहकारी कल्याण सोसाइटी लिमिटेड की ओर से हाल ही में नवनिर्वाचित प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें ओम प्रकाश को अध्यक्ष, हरलोक लाल को उपाध्यक्ष और नन्द किशोर सिंह को सचिव चुना गया।

<><><><><><><>